# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# CH.CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT


पत्रांकः— शा0शि0वि0 / 2019—20 /
दिनांक : 09 / 10 / 2019

## आवश्यक सूचना

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी कॉलिजों में संचालित बी0पी0एड0,बी0पी0ई0एस0 एवं एम0पी0ई0एस0 पाठ्यक्रम सत्र 2019 —2020 मे प्रवेश हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षण व काउन्सिलिंग हेतु सूचना :—

शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु परीक्षण स्थान :— विश्वविद्यालय परिसर क्रीड़ा मैदान

| | |
|---|---|
| बी0पी0एड0 अभ्यर्थी | 15 / 10 / 2019 |
| बी0पी0ई0एस0 व एम0पी0ई0एस0 अभ्यर्थी | 16 / 10 / 2019 |

प्रथम पाली प्रातः 8:00 बजे से 12: 30 बजे तक

द्वितीय पाली दोपहर 1:00 बजे से 5:00 बजे तक

विशेष :—

1. शारीरिक दक्षता परीक्षण में सम्मिलित होने हेतु प्रत्येक अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय परिसर स्थित इलाहाबाद बैंक में रू.1500 /— के शुल्क का चालान शारीरिक दक्षता परीक्षण से पूर्व शारीरिक दक्षता परीक्षण समिति / शारीरिक शिक्षा विभाग में जमा करना अनिवार्य है ।
2. शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु सभी अभ्यर्थियों को स्पोर्ट्स किट मे उपस्थित होना अनिवार्य है ।
3. शारीरिक दक्षता परीक्षण के दिन सभी छात्रों को अपने ऑन लाइन आवेदन पत्र / प्रवेश पत्र / जमा शुल्क का बैंक चालान तथा सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र (मूल प्रति तथा फोटोकॉपी), स्पोर्टस सर्टिफिकेट, 2 पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है।
4. सभी अभ्यर्थियों को मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट लाना अनिवार्य है ।
5. शारीरिक दक्षता परीक्षण के दौरान कोई दुर्घटना की स्थिति मे अभ्यर्थी की जिम्मेदारी होगी, विश्वविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।
6. एन0सी0टी0ई0 मानकों व विश्वविद्यालय मानको के अनुसार आपकी न्यूनतम अर्हता (अनुसूचित जाति / जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग हेतु)उक्त पाठ्यक्रम हेतु पूर्ण न होने की स्थिति में आपका प्रवेश स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा ।

नोटः
सामान्य वर्ग के ऐसे छात्र जो EWS कैटेगरी में प्रवेश लेने के इच्छुक हैं, कृपया शारीरिक दक्षता परीक्षण /काउन्सिलिंग के समय सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र लेकर उपस्थित हों । प्रमाण पत्र न होने की दशा में किसी भी प्रकार से आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा । जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं छात्र की होगी ।

09/10/19
समन्वयक
शारीरिक शिक्षा विभाग